## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 30.07.2024 समय : 18.30 पीएम

- **राज्य के मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे आज जयपुर पहुँचे– मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने श्री बागडे का स्वागत किया।**

- **कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा –सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध।**

- **पेरिस ओलंपिक की दस मीटर एयर पिस्टल मिक्सड निशानेबाजी स्पर्द्धा में मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।**

- **डूंगरपुर जिले में चांदीपुरा वायरस का पॉजिटिव रोगी सामने आने के बाद चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने विस्तृत एडवाइजरी जारी की।**

0000

मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे आज दोपहर राजकीय वायुयान से जयपुर पहुँचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने श्री बागडे का स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्री मण्डल के अन्य सदस्यगण, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू सहित वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भी उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मनोनीत राज्यपाल बागडे से मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय कराया। एयरपोर्ट पर मनोनीत राज्यपाल को आरएसी की बटालियन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्री बागडे ने परेड की सलामी ली और सम्मान गारद का निरीक्षण किया। इसके बाद मनोनीत राज्यपाल का राजभवन पहुंचने पर भाव–भरा स्वागत किया गया। उन्हें राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनकी अगवानी की। श्री बागडे ने राजभवन पहुंचने के बाद सबसे पहले भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उन्होंने राजभवन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में जलार्पण कर भगवान को बिल्व पत्र और प्रसाद अर्पण कर सबके मंगल की कामना की। राजभवन के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए अपना परिचय दिया। श्री बागड़े ने राज्यपाल कलराज मिश्र से भी मुलाकात की।

000

राज्य विधानसभा में पिछले दिनों नगरीय विकास के कटौती प्रस्ताव की चर्चा में भाग लेने के दौरान अपशब्द बोलने के मामले में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल को सख्त चेतावनी देते हुये उनके दो दिन सदन की कार्यवाही में भाग लेने से रोक लगा दी। हालांकि श्री धारीवाल को सदन में उपस्थित रहने की अनुमति होगी। आज सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा भोजन अवकाश के बाद यह मुद्दा उठाने पर स्पीकर ने दोनों पक्षों के सदस्यों को इस विषय पर बोलने का मौका दिया। अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि विधानसभा की मर्यादा रखना उनका दायित्व है। श्री धारीवाल द्वारा कहे गए शब्द सदन और लोकतंत्र के लिए शर्मनाक और चिंतनीय है । उन्होंने कहा कि इस आचरण से सदन की गरिमा तार तार हुई है । उन्होंने सभी सदस्यों को कहा कि यह उनकी अंतिम चेतावनी है और वे अब किसी सदस्य द्वारा इस तरह का आचरण किए जाने पर माफ नहीं करेंगे । श्री धारीवाल ने भी अपनी गलती स्वीकार करते हुए सदन से अपने शब्दों के लिए माफी मांगी उन्होंने कहा कि उनका इरादा किसी को नीचा दिखाने का नहीं था।

000

महिला और बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने आज विधानसभा में बताया कि इस वर्ष बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य पंचायतीराज, स्थानीय निकाय और राजस्व विभाग से निःशुल्क भूमि आंवटन हो जाने पर विभाग द्वारा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। महिला और बाल विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने बताया कि विभागीय भवन के अलावा अन्यत्र संचालित किये जाने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिये राज्य सरकार विभागीय भवन बनाने का विचार रखती है।

000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी का लाभ देश के किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज लोकसभा में उन्होंने कहा कि देश के किसानों को एमएसपी देने और प्रणाली को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने पर सुझाव देने के लिए सरकार ने एक समिति गठित की है। उन्होंने कहा कि समिति को कृषि लागत और मूल्य आयोग को अधिक स्वायत्तता देने की व्यावहारिकता की जांच करने के लिए कहा गया है।

000

पेरिस ओलंपिक में आज भारतीय निशानेबाज मिक्सड डबल जोड़ी मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने दस मीटर एयर पिस्टल इवेन्ट में कांस्य पदक जीता। भारत का ये दूसरा कांस्य पदक है। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई है। दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से 16–10 के अंतर से जीतकर मनु और सरबजोत की जोड़ी ने ये पदक हासिल किया। मनु भाकर ने पिछले रविवार को दस मीटर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों का खाता खोला था। अब तक केवल पीवी सिंधु और सुशील कुमार ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अलग–अलग ओलंपिक खेलों में दो पदक जीते हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि मनु भाकर ने एक ही ओलिम्पिक में दो मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि भारतीय निशानेबाज देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों निशानेबाजों ने शानदार कौशल और टीम वर्क की भावना का प्रदर्शन किया है।

000

राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज जयपुर के राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी आर–कैट परिसर में बिहेवियरल लैब, साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब और ब्लॉकचेन एक्सपीरियंस सेंटर का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट सहायता कार्यक्रम भी संचालित किया गया। साथ ही राजस्थान के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए 'अर्ली कॅरियर प्रोग्राम' की शुरुआत के लिए एचसीएल के साथ एक समझौता भी किया गया। श्री राठौड़ ने आर–कैट परिसर में संचालित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में श्री राठौड़ ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी में नवाचार करने के मामले में राजस्थान अन्य राज्यों से आगे हैं।

000

झालावाड़ पुलिस की साइबर सेल टीम ने ऑपरेशन एंटी–वायरस के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिले से चोरी हुए या खोये हुए 120 मोबाइल बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद सभी मोबाइल की कुल कीमत करीब 24 लाख रुपए बताई गई है। झालावाड़ पुलिस अधीक्षक रिचा तोमर ने बताया कि

साइबर सेल टीम द्वारा तकनीकी माध्यमों से यह मोबाइल राजस्थान तथा मध्य प्रदेश से ट्रेस कर बरामद किए गए हैं। बरामद मोबाइल्स उनके मालिकों को सौंप दिया गया है।

000

गंगापुर सिटी में आज संपूर्णता अभियान के तहत आशान्वित ब्लॉक तलावड़ा में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 400 से अधिक ग्रामीण महिला–पुरुषों की मधुमेह, रक्तचाप, कैंसर और गर्भाशय कैंसर की मुफ्त जांच की गई। पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर ने स्वयं भी शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच कराई तथा ग्रामीणों को भी शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने डूंगरपुर जिले में चांदीपुरा वायरस का एक पॉजिटिव रोगी सामने आने के बाद प्रदेशभर में इस रोग को लेकर सावधानी बरतने और आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने चांदीपुरा वायरस का रोगी सामने आने के बाद इस बीमारी से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विभाग ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों को एडवाइजरी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इस रोग से बचाव और उपचार के लिए व्यवस्थाएं चाक–चौबंद की गई हैं। साथ ही, गुजरात के सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि एडवाइजरी के अनुसार एक्यूट इंसिफेलाइटिस सिण्ड्रोम से ग्रसित रोगी सामने आने पर उसे तत्काल प्रभाव से पास के जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में रैफर करने के निर्देश दिए गए हैं। कोई भी संदिग्ध केस सामने आने पर सभी चिकित्सा संस्थानों को इसकी जानकारी जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य निदेशालय को तत्काल प्रभाव से देनी होगी। साथ ही इस रोग के केसों की दैनिक रिपोर्टिंग आईएचआईपी पोर्टल पर भी करनी होगी।

000